भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4549
जिसका उत्तर मंगलवार 08 जनवरी, 2019 को दिया जाना है

भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

4549. श्रीमती नीलम सोनकर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) सरकार के स्वामित्व वाली महारत्न कंपनियों की श्रेणी में आती है;

(ख) यदि हां, तो देश और विदेश में भेल की शाखाओं की स्थान-वार कुल संख्या कितनी है; और

(ग) भेल का वार्षिक कारोबार कितना है और उनमें कुल कितने कर्मचारी कार्य कर रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): भारी उद्योग विभाग (डीएचआई), भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई), भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को सरकार के स्वामित्व वाली महारत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त है।

बीएचईएल की शाखाओं और स्थानों की संख्या के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(ग): गत दो वर्षों के दौरान बीएचईएल का वित्तीय कारोबार निम्नानुसार हैः

बीएचईएल	2016-17	2017-18
कारोबार # (₹ करोड़)	27,740	27,850

उत्पाद शुल्क के अलावा

दिनांक 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार बीएचईएल में कार्यरत नियमित कर्मचारियों की कुल संख्या 37,540 थी।

******

अनुबंध

उन मुख्य स्थानों और शाखाओं की संख्या जहाँ बीएचईएल द्वारा व्यापार संबंधी गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

राष्ट्रीय अवस्थिति (भारत में)	i) पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय: नई दिल्ली। ii) कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास प्रभाग (1): हैदराबाद। iii) विनिर्माण इकाइयाँ/प्रभाग (17): बेंगलुरु (3 इकाइयाँ), भोपाल, गोइंदवाल, हरिद्वार (2 इकाइयाँ), हैदराबाद, जगदीशपुर (2 इकाइयाँ), झाँसी, रानीपेट, रुद्रपुर, तिरुमायम, तिरुचिरापल्ली (2 इकाइयाँ) और (विशाखापत्तनम। iv) मरम्मत इकाइयाँ/केंद्र (2): मुंबई और वाराणसी। v) क्षेत्रीय कार्यालय - पावर सेक्टर (4): नोएडा, कोलकाता, नागपुर और चेन्नई। vi) सर्विस सेन्टर (8): चंडीगढ़, कोलकाता, नागपुर, नोएडा, पटना, सिकंदराबाद, वडोदरा और वाराणसी। vii) क्षेत्रीय विपणन कार्यालय (15): बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची, जबलपुर, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नई दिल्ली, रायपुर, सिकंदराबाद और वडोदरा। viii) ग्राहक परियोजना स्थल: पूरे देश में फैले हुए हैं।
अंतर्राष्ट्रीय अवस्थिति (विदेश)	जकार्ता (इंडोनेशिया), दुबई (यूएई), ढाका (बांग्लादेश); प्रमुख स्थल/स्थानीय कार्यालय: रामपाल (बांग्लादेश), वांगड्यू फोडरंग (भूटान), ट्रोंगसा (भूटान)